तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 24 जनवरी 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

3 श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर नगर हुआ भक्तिमय, हुए विविध ...



## खबर संक्षेप

### अम्बिकापुर में लक्ष्मी, बलरामपुर में नेताम फहराएंगे तिरंगा

**अम्बिकापुर।** गणतंत्र दिवस पर सरगुजा जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े झंडा फहराएंगी तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगी। राज्यशासन ने गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए जनप्रतिनिधियों के नामों की घोषणा की है जिसके अनुसार कैबिनेट मंत्री एंव भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े अम्बिकापुर में एवं रामानुजगंज विधायक रामविचार नेताम बलरामपुर जिला मुख्यालय, प्रेमनगर विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, सूरजपुर जिला मुख्यालय एवं बैकुण्ठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े, कोरिया जिला मुख्यालय तथा मनेन्द्रगढ़ विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला मुख्यालय में तिरंगा फहराएंगे।

### श्री श्याम मंदिर में एक शाम लखदातार के नाम आज

**अंबिकापुर।** श्री श्याम लखदातार परिवार द्वारा प्रभु श्री श्याम की भव्य शोभा यात्रा एवं संकीर्तन का आयोजन 24 जनवरी को किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री श्याम लखदातार के नाम के तहत बुधवार को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा प्रातः 9.30 बजे श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। श्री श्याम मंदिर में शाम 6.15 बजे से बाबा श्याम का कीर्तन आयोजित किया गया है जिसमें आमंत्रित कलाकार मनोज शर्मा ग्वालियर, अमोल शुभम् कोलकाता, गौरी अग्रवाल इंदौर, विनय अग्रवाल रायपुर, सुरेश राजेस्थानी रायपुर बाबा श्याम को अपने भजनों से रिझायेंगे।

### तलवार लेकर लोगों को डरा धमका रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**सूरजपुर।** बीती रात गश्त कर रहे खड़गवां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बोझा में मुख्य मार्ग पर संतोष मिश्रा तलवार लेकर आने जाने वालों को दिखा कर डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और संतोष मिश्रा आ. परषोत्तम मिश्रा (42 वर्ष) को पकड़ा औश्र उसे पास रखे तलवार को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेंद्र जायसवाल, एएसआई कृष्ण सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, आरक्षक राकेश सिदार, विरेन्द्र सिंह, महिला आरक्षक अंजना एक्का सक्रिय रहे।

### प्रत्येक शुक्रवार को होगी निर्धारित विभाग की समीक्षा

**अंबिकापुर।** कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान आज बैठक में समय समय पर विभागों के कार्यों की प्रगति को समीक्षा के लिए कार्ययोजना बनाई है। जिसके तहत हर शुक्रवार को उस दिन के लिए निर्धारित किसी एक विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी जिससे विभागीय योजनाओं की प्रगति और जिले की स्थिति की जानकारी मिल सके।

## सिंटेक्स की टंकी में मिली हजारों लीटर `शराब व महुआ लहान

# फॉरेस्ट रेस्ट हाउस परिसर में चल रही थी शराब की अवैध फैक्ट्री, बना रहे थे बीयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- चोर का पीछा करते ग्रामीण पहुंचे थे परिसर में, मचा हड़कंप

शहर अवैध रूप से शराब बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि फैक्ट्री में केमिकल व महुआ के माध्यम से बीयर बनाने का काम चल रहा था। इस अवैध कारोबार से पर्दा उस वक्त उठा जब क्षेत्र के ग्रामीण चोर का पीछा करते हुए फारेस्ट रेस्ट हाउस परिसर में पहुंच गए। हैरानी की बात तो यह है कि अवैध रूप से शराब बनाने का यह गोरख धंधा फारेस्ट रेस्ट हाउस के अंदर ही किया जा रहा था जिसके बाद वन विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को देने के साथ ही मौके से चार लोगों को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मौके से हजारों लीटर शराब, महुआ लहान सहित केमिकल व फैक्ट्री के सामान को जब्त किया है लेकिन इस पूरे मामले में वन विभाग की ओर से चुप्पी साध ली गई है। इन सब के बीच बड़ा सवाल यही है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब का उत्पादन कर इसे किस तरह से खपाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि इन दिनों सकालों क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। क्षेत्र में हुई चोरियों के पीछे एक युवक के संलिप्पता की शंका पर उसका पीछा करते हुए आशंका के आधार पर ग्रामीण फारेस्ट रेस्ट हाउस परिसर में पहुंचे थे। परिसर में खोजबीन के दौरान क्षेत्र के लोगों को उनके घरों से चोरी हुए सामान तो मिले ही इसके साथ ही उन्हें शराब बनाने की अवैध फैक्ट्री भी मिली जहां भारी मात्रा में शराब बनाई जा रही थी। ऐसे में स्थानीय लोगों ने वहां मौजूद फारेस्ट के कर्मचारी कमल समेत चार लोगों को पकड़कर इसकी जानकारी सकालो सरपंच पति पूरन सिंह टेकाम को दी। जब सरपंच पति अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। पूरन सिंह टेकाम ने इसकी जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी जिसके बाद गांधीनगर थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थे और सभी संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर सामान को जब्त कर लिया। इसके साथ ही अब पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि इतनी बड़े पैमाने पर फैक्ट्री कैसे संचालित लिया जा रहा था अथवा शराब बनाने के लिए उन्हें कच्चा सामान व उपकरण कहां से मिले। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



अवैध शराब फैक्ट्री में मौजूद शराब से भरी प्लास्टिक टंकियां।



शराब बनाने का भट्ठी।

### झोपडी में फैक्ट्री, कमरे में मिला सामान

बताया जा रहा है कि पकड़े गए चारों संदिग्ध वन विभाग के रेस्ट हाउस में ही सोते थे और फारेस्ट रेस्ट हाउस के पीछे एक कमरे में ही उनका सामान रखा रहता था। युवकों द्वारा शराब बनाने के लिए झोपड़ी तैयार किया गया था। इसी झोपडी में शराब का निर्माण किया जा रहा था। शराब बनाने के लिए बड़े बड़े चूल्हे, बर्तन, पाइप, नल सहित अन्य उपकरण मौजूद थे। इसी स्थान पर बड़े पैमाने पर शराब का निर्माण किया जा रहा था। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां शराब बनाने का काम भी जारी था। इसके साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि मौके से उनके घरों से चोरी हुए मोटर, तार, पाइप व अन्य सामान भी मिले है।

### वन विभाग ने साधी चुप्पी

अवैध रूप से शराब बनाने की फैक्ट्री वन विभाग के रेस्ट हाउस में संचालित की जा रही थी। मौके पर ग्रामीणों ने एक कर्मचारी को भी पकड़ा है। ऐसे में वन विभाग की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। फारेस्ट के रेस्ट हाउस में उच्च अधिकारियों से लेकर निचले स्तर के कर्मचारियों का आना जाना लगा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर शराब की फैक्ट्री वन विभाग के परिसर में चल रही थी और अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं हो ऐसा संभव नहीं है। मामला सामने आने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने भी चुप्पी साध ली है और कोई कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं है।

### नकली बीयर बनाकर थोक में खपाने का प्रयास

मौके पर तीन बड़े बड़े सिंटेक्स में शराब बरामद किया गया है। प्रत्येक सिंटेक्स टंकी एक-एक हजार लीटर की बताई जा रही है। इसके साथ ही वहीं दो सिंटेक्स में महुआ लहान भी मौजूद था। महुआ की गंध को छिपाने के लिए इसमें कई प्रकार के रसायन मिलाए जा रहे थे क्यों कि मौके पर कई प्रकार के केमिकल बरामद किए गए है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि महुआ से ही बीयर बनाने का प्रयास किया जा रहा था। इसके साथ ही इस शराब को पैक करने के लिए मौके पर कोई शीशी बोतल नहीं मिली है इससे सम्भावना जताई जा रही है कि शराब तैयार कर थोक में इसकी सप्लाई कहीं और की जा रही थी जहां इसकी ब्रांडिंग कर बाजार में खपाया जा रहा था। इस तरह से केमिकल युक्त शराब पिलाकर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा था। इस पूरे गोरख धंधे के पीछे का मास्टरमाइंड कौन है इसे लेकर फिलहाल पुलिस की ओर से कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

### चल रही है जांच

ग्रामीणों की सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा तत्काल मामले में कार्रवाई की गई। पुलिस टीम इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और जांच उपरान्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-पुपलेश कुमार, एएसपी सरगुजा

# मिलर कोचियों को बेच रहा था कस्टम मिलिंग के लिए लाया गया धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

- कोचिये धान को समितियों में खपाकर कर रहे थे मोटी कमाई, खाद्य विभाग की टीम ने किया राइस मिल सील

खाद्य विभाग की कार्रवाई से कोचिए और राइस मिलर के बीच चल रहे एक नए सांठगांठ का खुलासा हुआ है। राइस मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए प्रदान किए गए धान को कोचियों को बेचा जा रहा था और कोचिए उसी धान को पुनः समितियों में बेचकर मोटी कमाई कर रहे थे। अब तक मिलर द्वारा कितने क्विंटल धान की हेराफेरी की गई है इसका पता नहीं चल सका है लेकिन फिलहाल टीम द्वारा राइस मिल को सील कर दिया गया है और भविष्य में राइस मिल में प्रदान किए गए धान व मिलिंग में जमा कराए गए चावल की जांच करने की बात कही जा रही है।

बता दें कि सरगुजा में धान खरीदी के दौरान कोचिए समितियों में अवैध रूप से धान खपाने के लिए नए नए तरीके अपना रहे है। मिलर कोचियों के साथ मिलकर जमकर धान की हेराफरी कर रहे है और अब तक इसके कई बड़े खुलासे भी हो चुके है और इसी कड़ी में सोमवार की रात खाद्य विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई से एक और बड़ा मामला सामने आया है। खाद्य विभाग को सूचना मिली थी कि सीतापुर के ग्राम देवगढ़ में मिलर द्वारा कोचियों को धान की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलने के बाद कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम देवगढ़ स्थित सतीश अग्रवाल के मेसर्स जय हनुमान राइस मिल पहुंची थी। राइस मिल में जांच के दौरान चौकाने वाला मामला सामने आया है। राइस मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए उठाए गए धान को ही कोचियों को बेचा जा रहा था और कोचिए उसी धान को समितियों में बेचकर मोटी कमाई कर रहे थे। अब तक की जांच में जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक मिलर सतीश अग्रवाल के मेसर्स जय हनुमान राइस मिल द्वारा 28 हजार क्विंटल धान का उठाव कस्टम मिलिंग के लिए किया गया था और इसमें से अब तक 5600 सौ क्विंटल चावल उसके द्वारा जमा कराया गया। जब टीम मौके पर पहुंची तो राइस मिलर के वाहन धान उठाव व चावल को वेयर हाउस पहुंचाने के लिए गए हुए थे ऐसे में धान व चावल का भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया। फिलहाल टीम द्वारा राइस मिल को सील कर दिया गया है ताकि मिलर और धान ना बेच पाए। वहीं पुनः कलेक्टर के निर्देश पर राइस मिल का सील खोलकर जांच करने की बात कही जा रही है जिससे राइस मिलर द्वारा की गई धान के हेराफेरी की जानकारी सामने आ पाएगी। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि मिलर्स पर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 एवम आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में जिला खाद्य अधिकारी रविंद सोनी, जिला विपणन अधिकारी अरुण विश्वकर्मा, सहायक खाद्य अधिकारी रोशन गुप्ता, नोडल अधिकारी स्टेट वेयरहाउसिंग संदीप गुप्ता उपस्थित थे।



सील की कार्रवाई करते अधिकारी।

# व्यापारी ने घर के स्टोर रूम में लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुबह टहलने निकले सेट्रिंग के व्यवसायी ने अपने घर के छत पर स्थित स्टोर रूप में फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन के मुताबिक व्यवसायी शुगर बीमारी से पीड़ित था और पूर्व में भी फांसी लगाने का प्रयास किया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक शहर के घुटरापारा निवासी आनंद अग्रवाल आ. मोती लाल अग्रवाल (55 वर्ष) सेटिंग का काम करता था। हर रोज की भांति आज सुबह लगभग 8 बजे टहलने निकले और काफी देर हो जाने के बाद भी वापस नहीं लौटे। परिजन काफी देर हो जाने पर खोजबीन शुरू की। रिश्तेदार व मोहल्ले में पता नहीं चलने पर परिजन जब घर के छत स्थित स्टोर रूम में गए तो उनके होश उड़ गए। व्यवसायी मृत हालत में फांसी में लटका हुआ था। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक आनंद अग्रवाल लंबे समय से शुगर बीमारी से पीड़ित था और पूर्व में भी दो-तीन बार फांसी लगाने का प्रयास किया था।

### बाइक समेत सड़क किनारे गिरे युवक, एक की मौत दो घायल

घर लौट रहे बाइक सवार ग्राम बहनाटांगर से समीप अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल युवकों का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम सुसडेगा निवासी करण सिदार आ. लोचन सिदार (18 वर्ष) रविवार को गांव के ही कमलेश व एक अन्य युवक के साथ बाइक से किसी काम के सिलसिले में ग्राम बहना टांगर क्षेत्र की ओर गए थे। शाम को तीनों बाइक से घर लौटने लगे तभी बहना टांगर के समीप अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे घायल हो गए। दुर्घटना में तीनों युवक घायल हो गए। घायल युवकों को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने करन व कमलेश की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान करण की मौत हो गई जबकि कमलेश का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# जंगली सुअर के हमले में वृद्ध की मौत, परोगिया जंगल में हादसा

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र उदयपुर अंतर्गत परोगिया के बेंवरा बहार जंगल में भैंस चराने गये वृद्ध की जंगली सुअर के हमले में मौत हो गई। ग्राम परोगिया निवासी सदर साय आ.स्व.राजाराम (58वर्ष) सोमवार को दोपहर 2.30 बजे भैंस चराने बेंवरा बहार जंगल में गया था। गांव का मंगल मझवार भी जंगल में अपने मवेशियों को चराने गया था। शाम को मंगल साय सदर साय के घर पहुंचा तथा उसके बेटे को जंगली सुअर के हमले में उसके पिता की मौत होने की सूचना दी। सूचना पर मृतक के परिजन मंगलसाय एवं अन्य ग्रामीणों के साथ सायं 5.30 बजे बेंवरा बहार जंगल पहुंचे और शव को उठाकर घर ले आए। घटना की सूचना वन विभाग व पुलिस को दी गई। मंगलवार को प्रधान आरक्षक विमल सिंह, आरक्षक कुंजलाल सोरी तथा परिक्षेत्र सहायक बासेन अजीत सिंह, परमेश्वर सिंह, भरत सिंह सुबह 8 बजे मृतक के घर पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ले शव का पीएम कराया। पुलिस व वनविभाग की टीम डेढ़ किमी का पैदल सफर कर घटनास्थल पहुंची तो वहां की स्थिति देखकर सभी हैरान हो गये। घटनास्थल पर पांच मीटर के दायरे में बिखरे पेड़ की डालें व पत्तों पर बिखरे खून के छीटें जंगली सुअर के साथ मृतक के लम्बे समय तक चले संघर्ष को बयां कर रहे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि जंगली सुअर के हमले से जंगल में भागने का अवसर नहीं मिलने और शरीर से अधिक खून बह जाने के कारण सदर साय की मौत हुई होगी। जंगली सुअर ने सदर साय की कमर, नाक व पैर में कई जगह हमला किया था तथा उसके दांतों के निशान शरीर पर थे। वन परिक्षेत्र अधिकारी गजेन्द्र दोहरे व परिक्षेत्र सहायक अजीत सिंह ने मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता सोमवार को प्रदान की तथा शेष राशि का भुगतान शीघ्र करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सदर साय का पालतु कुत्ता अपने मालिक के शव के पास बैठा रहा। परिजन ग्रामीणों के साथ जंगल पहुंचे तो वह परिजन के साथ घर लौटा। मंगल साय ने बताया कि कुत्ते के भौकने की आवाज सुनकर वह घटनास्थल पर पहुंचा था।






# शासकीय योजना पीएमईजीपी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने ठगों को रंगे हाथों पकड़ा, तीन को लिया गया हिरासत में

जिले में ठगों के हौसले अब इस कदर बढ़ गए है कि शासन की योजनाओं का सहारा लेकर लोगों से जालसाजी करने से भी बाज नहीं आ रहे है। ऐसे ही एक ठग गिरोह पर कार्रवाई करते हुए जिला व पुलिस प्रशासन ने रैकेट का पर्दाफाश किया है।

टीम ने छापामार कार्रवाई के दौरान तथाकथित ब्रांच मैनेजर समेत तीन लोगों को रंगे हाथों पकड़ा है जो प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत लोन दिलाकर अवैध वसूली कर रहे थे। संभावना जताई जा रही है कि पकड़े गए लोगों ने बड़ी संख्या में लोगों से लाखों रुपए की ठगी को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की दोपहर 3 बजे कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान को किसी ने सूचना दी थी युवा क्रान्ति नामक संगठन द्वारा राजमोहिनी देवी भवन के ऑडिटोरियम में युवा क्रांति नामक संगठन द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना की जानकारी आम लोगों को देकर उनसे प्रतिव्यक्ति 1000 रुपए आवेदन व पंजीयन शुल्क और ऋण राशि का 20 प्रतिशत राशि सुरक्षा निधि वसूला जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री संदिपान ने जांच के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम फागेश सिन्हा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, एलडीएम सरगुजा, शाखा प्रबंधक बीओआई, सहायक संचालक कृषि विभाग की टीम ने राजमोहिनी देवी भवन में चल रहे कार्यक्रम में दबिश दी। टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की फोटो युक्त ⏭ शेष पेज 4 पर

## एएसआई व नगर सैनिक ने मांगे थे 20 हजार रुपए, शिकायत के बाद लौटाई रकम, एसपी ने किया निलंबित

# नवजात की मौत के बाद पिता को ही झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर वसूले 9 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

नवजात बच्चे की मौत के बाद सदमे में डूबे पिता व परिवार के सदस्यों को झूठे केस में फंसाकर 20 हजार रुपए वसूलने का मामला सामने आया है। रघुनाथनगर थाने में पदस्थ एएसआई व नगर सैनिक ने परिवार को डराकर 9 हजार रुपए वसूल भी लिए। मानवता को शर्मसार करने वाले इस घटना की जानकारी मिलने के बाद जब स्थानीय लोगों ने दबाव बनाया तो पुलिसकर्मियों ने मृतक बच्चे के पिता को पैसे वापस कर दिए। एएसआई द्वारा मृतक के परिजन को पैसे वापस करने का वीडियो भी अब वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है। इधर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने तत्काल प्रभाव से सहायक उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया है और मामले की जांच के निर्देश दिए है। बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम सरना निवासी संतोष कुशवाहा लगभग दो माह पूर्व अपने नवजात बच्चे को गंभीर हालत में लेकर उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल पहुंचा था। सिविल हॉस्पिटल में उपचार के दौरान नवजात की मौत हो गई थी। बच्चे की मौत के बाद पुलिस की समझाइश के बाद परिजन ने बच्चे का पीएम कराया था और पीएम में बच्चे की मौत हृदयाघात से होने की बात सामने आई थी। ऐसे में वाड्रफनगर चौकी पुलिस द्वारा शून्य पर मर्ग कायम कर डायरी को रघुनाथ नगर थाने में भेज दिया था लेकिन केस डायरी के मिलने बाद थाने में पदस्थ नगर सैनिक आशुतोष उपाध्याय ने इसे अपनी अवैध वसूली का अवसर बना लिया। आरोप है कि नगर सैनिक आशुतोष उपाध्याय बार बार संतोष कुशवाहा के घर पहुंच जाता था और बच्चे को जानबूझकर नमक पानी अत्यधिक मात्रा में पिलाने से मौत होने का हवाला देकर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा था। जब संतोष कुशवाहा ने पैसे नहीं दिए तो नगर सैनिक अपने थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जाबलून कुजूर को लेकर संतोष कुशवाहा के घर पहुंच गया और उसे जबरन थाने में बुलाकर 20 हजार रुपए की मांग की व पैसे नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जिसके बाद डरकर संतोष कुशवाहा ने 9 हजार रुपए एएसआई को प्रदान कर दिए। नवजात की मौत के सदमें में डूबे पिता ने बाकि 11 हजार रुपए एक दिन बाद देने की बात कही जिसपर उसे थाने से छोड़ा गया।



### लोगों के दबाव पर लौटाई रकम

पुलिस की इस हरकत से निराश संतोष कुशवाहा ने जब घटना की जानकारी क्षेत्र के लोगों को दी तो स्थानीय लोगों ने उस एएसआई पर दबाव बनाया। लोगों के विरोध के बाद एएसआई ने संतोष कुशवाहा को 9 हजार रुपए वापस किए। इस दौरान कुछ लोगों ने 9 हजार रुपए वापस करने का वीडियो भी बना लिया। हैरानी की बात तो यह है कि नवजात की मौत के बाद अवैध वसूली करने वाला नगर सैनिक भी इसी क्षेत्र का रहने वाला है और इसकी इस हरकत से क्षेत्र के लोगों में रोष का माहौल है। वीडियो में एएसआई कह रहा है कि पीड़ित के ससुराल पक्ष द्वारा शिकायत की गई थी। इस पूरे मामले को एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने गंभीरता से लिया है और अवैध वसूली करने वाले एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### किया गया है निलंबित

घटना की शिकायत मिलने के बाद एएसआई को तत्काल निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. लाल उमेद सिंह, एसपी

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जर्मनी गायिका ने गाया श्रीराम का गाना मिले 2 लाख 80 हजार से ज्यादा व्यूज



**लॉस एंजेलिस।** जर्मनी की मशहूर सिंगर कैसेंड्रा माई स्पिटमैन का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिन्होंने श्रीराम गाना गाकर सभी का दिल जीत लिया है। उनका यह वीडियो इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। कैसेंड्रा स्पिटमैन ने द वॉइस इन माई हेड और माउंटेन जैसे गानों से लोकप्रियता हासिल की है। भारतीय संस्कृति और उसके गीत भजन के प्रति उनका रुझान हमेशा से रहा है। जर्मन गायिका को भारतीय गाने पसंद हैं, जिन्हें वह अपनी आवाज में गाने की कोशिश करती हैं। इंस्टाग्राम पर कैसेंड्रा के करीब 5 लाख 77 हजार फॉलोअर्स हैं। कैसेंड्रा स्पिटमैन अंधी हैं लेकिन उनकी आवाज़ ही उन्हें परिभाषित करती है। कैसेंड्रा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में सिंगर कैसेंड्रा मे स्पिटमैन अपनी आवाज में धार्मिक गाना राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गा रही हैं। उनके वीडियो को अब तक 2 लाख 80 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और फैंस उनकी आवाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

एक इंटरव्यू के दौरान जब कैसंड्रा से पूछा गया कि वह केवल भारतीय मंत्रों और गीतों को ही क्यों रीक्रिएट करती हैं। इसका जवाब देते हुए कैसेंड्रा ने कहा, मेरा अपना निजी संबंध है, जो पिछले छह वर्षों में मुझमें विकसित हुआ है। इसी संबंध के माध्यम से मेरे मन में यह विचार आया है कि कई संस्कृतियां हैं और आध्यात्मिकता के कई तरीके हैं। इसका मार्ग लोग अपना सकते हैंए लेकिन सनातनी धर्म ही वह धर्म है, जिसके साथ मैं सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करती हूं।

### टॉलीवुड

## 1000 करोड़ में बनेगी महेश बाबू की एसएसएमबी 29



**मुंबई।** तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की अपकमिंग मूवी को लेकर फैंस का उत्साह सांतवे आसमान पर है। टॉलीवुड प्रिंस की ये मूवी जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली है। हाल ही में फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली के पिता विजेंद्र प्रसाद ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि फिल्म की स्क्रिप्टिंग का काम पूरा हो चुका है। इस मूवी को अब मेकर्स शूटिंग स्टेज पर लेकर जाने की तैयारी में हैं। निर्देशक एसएस राजामौली के पिता ने बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट लॉक हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ये मूवी इसी साल गर्मियों में फ्लोर पर जाने वाली है। खबरों की मानें तो फिल्म को लेकर अगला बड़ा ऐलान भी इसी साल गर्मियों में होगा। इस खबर के बाद कयास लगने लगे है कि मूवी का फर्स्ट लुक गर्मियों में रिलीज होगा। जिसकी वजह से हर किसी की नजर इस मूवी के आने वाले ऐलान पर टिकी है। बता दें कि सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की मूवी एसएसएमबी 29 को मेकर्स भारी भरकम बजट में बनाने वाली है। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक इस मूवी को मेकर्स 1000 करोड़ रुपए में बनाएंगे। ये एक जंगल एडवेंचर मूवी है। जिसे निर्देशक एसएस राजामौली पैन इंडिया नहीं बल्कि पैन वर्ल्ड स्तर पर बनाने की तैयारी में हैं।

### भोजपुरी

## माता सीता बनकर छाईं रानी चटर्जी एक्ट्रेस की तस्वीर वायरल



**मुंबई।** भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस रानी चटर्जी अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। रानी चटर्जी को लोग इंटरनेट की क्वीन कहते हैं क्योंकि उनका कोई भी पोस्ट पलभर में वायरल हो जाता है। रानी चटर्जी खूबसूरती और एक्टिंग के मामले में बॉलीवुड की तमाम बड़ी एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी का एक पोस्ट सामने आया है, जो कि इंटरनेट वर्ल्ड में लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। सामने आई इस तस्वीर को देख सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए हैं। रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए एक तस्वीर शेयर की है, जो कि इंटरनेट पर आग की तरह फैल रही है। सामने आई इस तस्वीर में रानी चटर्जी माता सीता के अवतार में नजर आ रही हैं। रानी चटर्जी का ये लुक देख सभी लोग गदगद हो गए हैं। बता दें कि रानी चटर्जी की इस तस्वीर पर लोग जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। बता दें कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन रानी चटर्जी ने ये फोटो शेयर की है। इस बात के लिए रानी चटर्जी की लोग तारीफ कर रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। रानी चटर्जी के हर एक पोस्ट को लोग दिल खोलकर प्यार देते हैं। अदाकारा रानी चटर्जी ने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया हैं। इसके अलावा वो टीवी में भी धमाल मचा चुकी हैं।

## लाइफ स्टाइल



### ट्रेडिशनल लुक में

टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति अपनी एक्टिंग के साथ स्टाइलिश ड्रैसिंग स्टाइल से भी सुर्खियों में रहती है। हाल ही में सुरभि ने फोटोशूट करवाया है, जिसमें वह अनारकली लुक में नजर आ रही है। इस दौरान उन्होंने व्हाइट और गोल्डन रंग की ड्रेस वियर की है। ड्रेस के साथ सुरभि ने मैचिंग हैवी ज्वैलरी पहनी है। बालों में लगा गजरा और मिनिमम मेकअप सुरभि की लुक को पूरा कर रहा है। फैंस ने उनके इस ट्रैडीशनल लुक को काफी पसंद किया।

## अगर लगाना चाहतीं है प्रोफेशनल तरीके से आईलाइनर तो भूलकर न करें ये गलतियां

बहुत से लोग आईलाइनर को आंखों की अपर लिड के साथ लोअर लिड पर भी लगा लेते हैं और इससे कई बार आईलाइनर आंखों में फैल जाता है। इतना ही नहीं आपके आंखों के आस पास आईलाइनर फैल कर त्वचा को काला कर देता है और फिर उसे आसानी से रिमूव नहीं किया जा सकता है। कई बार तो आंखों के अंदर भी आई लाइनर चला जाता है। बता दें कि आईलाइनर में मौजूद केमिकल आपकी आंखों में चले जाते हैं तो जलन और खुजली होने लग जाती है और कई बार तो आंखों में लालपन भी आ जाता है।

**आईलाइनर लगाते वक्त पलके झपकना :** बहुत सारे लोगों को आईलाइनर लगाते वक्त डर लगता है और नेचुरली उनकी आंख झपकने लग जाती हैं, ऐसे में आपको आईलाइनर लगाने से पहले थोड़ा रिलैक्स हो जाना चाहिए और फिर इसे लगाना चाहिए। यदि आप बार.बार आंखों को झपकेंगी, तो न केवल आपका आईलाइनर खराब होगा बल्कि आईलाइनर आपकी आंखों के अंदर भी जा सकता है, जिससे आपकी आंखों में इरिटेशन हो सकती है।



### वॉटरी आइज पर आईलाइनर लगाना

बाजार में आपको एक नहीं कई प्रकार के आईलाइनर मिल जाएंगे। आपकी आंखें वॉटरी हैं और काजल या आईलाइनर लगाते वक्त आपकी आंखों से पानी आता है तो लिक्विड आईलाइनर की जगह आपको काजल पेंसिल या फिर क्रीमी आईलाइनर का प्रयोग करना चाहिए। यह आईलाइनर आपको रोलर या फिर पेंसिल नुमा पैटर्न में मिलेगा। आप इससे आसानी से आंखों पर लाइन ड्रॉ कर सकती हैं। इतना ही नहीं आप काजल का प्रयोग करके भी आईलाइनर लगा सकती हैं।

### एप्लीकेटर की जगह किसी और से आईलाइनर लगाना

यदि आप सोच रही हैं कि एप्लीकेटर की जगह आप यदि ब्रश या फिर लकड़ी की सींक से आईलाइनर लगा सकती हैं तो आपको बता दें कि यह बहुत ही खतरनाक इरादा है क्योंकि एप्लीकेटर को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि उससे आप जब आईलाइनर लगाती हैं तो चोट लगने का डर नहीं रहता है। वहीं आप यदि किसी और साधन से आईलाइनर लगाएंगी तो आईलाइनर ठीक से लगेगा भी नहीं और इससे आपकी आंखों पर चोट भी लग सकती है।

## नहीं तय कर पा रही हैं कलर का चयन, सदाबहार लाल रंग है ना

फैशन



**नई दिल्ली।** सिर्फ शादी ही नहीं बल्कि त्योहारों के लिए भी लाल रंग से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। सिर्फ नवविवाहित दुल्हनों पर ही नहीं, लाल रंग हर उम्र की महिलाओं पर खिलता है। गोल्ड और रेड का कॉम्बिनेशन ज्यादा अच्छा लगता है। अगर आप तय नहीं कर पा रहे हैं कि शादी या पार्टी में कौन से रंग के कपड़े पहनें तो बेझिझक लाल रंग चुनें।

**भारी अलंकृत सूट :** त्योहार या पार्टी में सबसे अलग और खूबसूरत दिखने के लिए आप हैवी ड्यूटी ड्रेस कैरी कर सकती हैं। आजकल ऊनी सूटों में भी कई वैरायटी देखने को मिलती हैं। अगर बहुत ठंड है तो आप भारी ऊनी सूट भी पहन सकती हैं। इन दिनों फुल स्लीव्स और एंकल लेंथ कुर्ते ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।



**मखमली कुर्ता :** मखमली कपड़े पहनने का सबसे अच्छा समय सर्दी है। यह न सिर्फ आपको डिफरेंट लुक देता है, बल्कि इस मौसम में आपको कंफर्टेबल भी रखता है। वेलवेट सूट या साड़ी पहनकर आप बिल्कुल अलग और खूबसूरत दिख सकती हैं। इससे किसी भी तरह की लेयर्स की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**घुटनों तक लंबी सोने की पोशाक :** इस मौके पर अगर आप सूट और साड़ी के अलावा कुछ और ट्राई करना चाहती हैं तो सोने से सजी इस तरह की हैवी ड्रेस ट्राई कर सकती हैं। जो देखने में बेहद खूबसूरत लगता है। इसके साथ बहुत सारी ज्वेलरी कैरी करने की जरूरत नहीं है।

**मेकअप को रखें बेदाग :** अगर आप अपना मेकअप बेदाग रखेंगी तो आपको बेहद खूबसूरत लुक मिलेगा क्योंकि लोहड़ी का त्योहार रात में मनाया जाता है और इसके साथ.साथ ढेर सारी मौज मस्ती भी होती है, इसलिए हैवी बेस की बजाय हाइलाइटिंग मेकअप चुनें। यह देखने में तो शानदार लगता है लेकिन आपको भारहीन महसूस कराता है।

**अपने पहनावे के अनुसार ही आभूषण चुनें :** अगर आप फ्लोर लेंथ आउटफिट पहन रही हैं तो आप ईयररिंग्स के साथ मांग टीका पहन सकती हैं लेकिन गले पर कुछ भी न पहनें वरना आपका लुक काफी हैवी लगेगा। अगर आप पटियाला या शरारा टाइप सूट पहन रही हैं तो उसके साथ घुंघरू जड़ित गुंबद ईयररिंग्स या चांद ईयररिंग्स अच्छे लगेंगे। आप गले में हल्की चेन के साथ छोटा पेंडेंट पहन सकती हैं और हाथों में ब्रेसलेट या ब्रेसलेट के साथ लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

## भारी हाथों के लिए बेस्ट है अरेबिक मेहंदी डिजाइन



**नई दिल्ली।** अरेबिक डिजाइन की मेहंदी को आजकल बेहद पसंद किया जा रहा है। वहीं इस तरीके के मेहंदी के डिजाइन को बनाने के लिए आप टूथपिक और इअरबड्स की सहायता ले सकती हैं। इसका डिजाइन आप बारीकी से बनाएं। इसके अलावा मॉडर्न लुक देने के लिए आप कट आउट पैटर्न को भी चुन सकती हैं। इस डिजाइन को सबसे ज्यादा मुस्लिम कल्चर में लगाया जाता है।

**जालीदार मेहंदी डिजाइन :** जालीदार मेहंदी डिजाइन को आप कई तरीके से कस्टमाइज करके बना सकते हैं लेकिन अगर आप चाहती हैं कि सिंपल जाल के जगह आप हाथों को थोड़ा मॉडर्न लुक दें तो इसके लिए आप इस तरीके से हार्ट या स्टार का डिजाइन बना सकते हैं। वहीं जाल का डिजाइन आप ज्यादा चौड़ा न रखें अन्यथा आपके हाथों की चौड़ाई अधिक ज्यादा नजर आने लगेगी।

**बेल मेहंदी डिजाइन :** वैसे तो बेल में आपको कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आपके हाथ भारी और चौड़े हैं तो इस तरह से आप बारीक जालीदार केरी के डिजाइन को बना सकती हैं। बेल के डिजाइन के लिए आप चौड़े डिजाइन को चुनें ताकि आसानी से आपकी हथेली कवर हो जाये।

**सर्किल मेहंदी डिजाइन :** वैसे तो आपको सर्किल में मंडला और गोल टिक्की मेहंदी जैसे कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगेए लेकिन अगर आपके हाथ भारी हैं तो बड़े आकार का सर्किल बनाकर बारीकी से डिजाइन को बना सकती हैं। हाथ भारी हैं तो आप उंगलियों पर भी इसी तरह से बारिकी से डिजाइन को बनाएं।

## सेलेरी का जूस बनाता है फेस को खूबसूरत, पार्टी में लगेंगी ग्लैमरस

**नई दिल्ली।** पार्टी में खूबसूरत दिखने के लिए लोग कई उपाय अपनाते हैं। कुछ लोग जहां महंगे प्रोडक्ट्स की मदद से अपनी त्वचा की देखभाल करते हैं तो कुछ घरेलू उपायों को अपनाकर अपनी स्किन को हेल्दी बनाते हैं। हालांकि इन सब उपायों के अलावा आपका खानपान भी आपकी त्वचा पर गहरा असर डालता है। हम जो कुछ भी खाते हैं, उसका असर सिर्फ हमारी सेहत ही नहीं त्वचा पर भी पड़ता है। ऐसे में सही खानपान की मदद से भी आप अपनी त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बना सकते हैं। सर्दियों में अक्सर सर्द हवाएं आपकी त्वचा की नमी छीनकर इसे बेजान बना देते हैं। ऐसे में आप अपनी डाइट में सेलेरी का जूस शामिल कर त्वचा को स्वस्थ बना सकते हैं और पार्टी में खूबसूरत और ग्लैमरस लग सकती हैं।



### त्वचा को हाइड्रेट करें

त्वचा को हेल्दी और चमकदार बनाने के लिए इसका हाइड्रेट रहना बेहद जरूरी है। ऐसे में सेलेरी का जूस आपकी त्वचा को हाइड्रेड करने में मदद कर सकता है। जब आपकी त्वचा डिहाइड्रेट होने लगे तो आप सेलेरी के जूस को डाइट में जरूर शामिल करें। यह 95 प्रतिशत से अधिक पानी से बना होता है, जो इसे आपकी त्वचा के लिए एक बढ़िया हाइड्रेटिंग ड्रिंक साबित होता है। कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ाता कोलेजन एक प्रोटीन है।

### शरीर को डिटॉक्सिफाई करें

सेलेरी में कौमारिन नामक एक कंपाउंड होता है, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए जिम्मेदार लिवर एंजाइम को उत्तेजित करता है। ऐसे में नियमित रूप से सेलेरी का जूस पीने से आपको बॉडी डिटॉक्स करने मे मदद मिलेगी।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

सेलेरी विटामिन ए और सी समेत एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। ये फ्री रेडिकल्स आपकी सेल्स को नुकसान पहुंचा सकते हैं और समय से पहले बूढ़ा होना, झुर्रियां और डल स्किन का कारण बन सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### पंखुड़ियों को आसानी से एक से तीन साल तक स्टोर करके रखा जा सकता है

## गुलदस्ते का गुलाब सूख जाए तो फेंकने के बजाए इन तरीकों से करें इस्तेमाल

*नई दिल्ली। ताजे गुलाब के फूल तो हर किसी पसंद होते हैं लेकिन ये सूख जाने पर इसकी अहमियत कचरे से ज्यादा नहीं रह जाती। लेकिन जब गुलाब कोई बहुत ही स्पेशल व्यक्ति दे तो इसे फेंकने का मन नहीं करता है। यदि आपको गुलाब पसंद हैं और अक्सर आपके करीबी लोग इसे आपको गिफ्ट करते रहते हैं तो इसकी सूखी पंखुड़ियों को इस्तेमाल करने के आइडियाज को जरूर जान लें। सूखी गुलाब की पंखुड़ियां आसानी से एक से तीन साल तक स्टोर करके रखा जा सकता है। इसके लिए बस इसे अच्छी तरह से रखना जरूरी होता है। इसके बाद वह अपना रंग खोने लगती है।*



### तैयार करें गुलाब जल

यदि आप दुकान से खरीदकर गुलाब जल यूज करते हैं तो सूखी पंखुड़ियां आपके पैसे बचा सकती हैं। इसके लिए आपको बस 30 मिनट के लिए गुलाब की पंखुड़ियों को पानी में उबालना है। इसके बाद पानी को छानकर एक एयर टाइट कंटेनर में स्टोर कर लें।

### बनाएं होममेड टी

सूखे गुलाब की चाय इसके इस्तेमाल का बहुत टेस्टफुल तरीका है। इसके लिए बर्तन में पंखुड़ियों के ऊपर 3 कप उबलता पानी डालें। बर्तन पर ढक्कन रखें और पंखुड़ियों को 20 से 30 मिनट के लिए पानी में छोड़ दें। 20 मिनट में चाय के स्वाद का नमूना लें अब जब पानी का रंग पूरी तरह से हल्का लाल हो जाए तो चाय छन्नी से पंखुड़ियों को छानकर चाय का मजा लें।

### डेकोरेटिव कैंडल बनाएं

घर में सूखे गुलाब हैं तो आप इसे नॉर्मल कैंडल को डेकोरेट करने के लिए यूज कर सकते हैं। इसके लिए थोड़े से वैक्स को गर्म करके उसमें गुलाब की पंखुड़ियां और स्पार्कल पाउडर मिलाएं। फिर कैंडल को इसपर रोल कर लें। ध्यान रखें वैक्स ज्यादा ठंडा ना हो वरना यह कैंडल पर अच्छे से चिपकेगा नहीं।



### रेडी करें होममेड फेस स्क्रब

गुलाब की सूखी पंखुड़ियों से स्क्रब तैयार करने के लिए ओट्स का पाउडर बनाएं और सूखी पंखुड़ियों को बारीक करके इसमें मिला दें। इस्तेमाल करने से पहले इसमें अपने फेवरेट एशेंशियल ऑयल को मिलाकर पेस्ट तैयार करें।

## खबर संक्षेप

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की तीन छात्राएं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**रजपुरीकला।** इंडियन ताइक्वांडो आईटी द्वारा राष्ट्रीय ताइक्वांडो जूनियर एवं कैडेट प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 7 फरवरी तक राजस्थान के जयपुर में किया जाना है।




रायपुर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और राष्ट्रीय चयन का आयोजन 21 जनवरी को किया गया था। जिसमें लगभग राज्य के सभी जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राज्य के ग्रामीण अंचल लखनपुर ब्लॉक की कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरी की चार छात्राओं दिव्या दास, प्रियांशी मिंज, चंद्रवती खांडे और रंगीता सिंह ने भी अपने प्रशिक्षक नितिन श्रीवास्तव एवं अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लिया। दिव्या दास, प्रियांशी मिंज और रंगीता ने अपने अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। वहीं चंद्रवती को द्वितीय स्थान के साथ रजत पदक प्राप्त किया। अगले महीने जयपुर में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीनों प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन करेंगे।

### गांधी चौक पर युवाओं ने किया दीप प्रज्वलन, की आतिशबाजी

**अम्बिकापुर।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर




शहर के गांधी चौक पर भी युवाओं द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। युवाओं ने जय श्री राम की रंगोली फूलों से तैयार कर दीप प्रज्वलन किया गया। इस दौरान लगभग तीन हजार दीप युवाओं द्वारा गांधी चौक पर प्रज्वलित किए गए।

### स्वर्ण भूमि में निकली शोभायात्रा

**बिलासपुर।** अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को स्वर्णभूमि कॉलोनी में उल्लास के साथ मनाया गया।



स्वर्णभूमि में दो दिनों से धार्मिक आयोजन हुए। यहाँ अखंड रामायण, शोभा यात्रा, शबरी की कुटिया के साथ, राधा कृष्ण की झांकी, शिव तांडव का भी आयोजन हुआ। रात्रि में भजन गायक प्रवेश शर्मा जीबीकानेर एवं अंजलि द्विवेदी बरेली ने रात्रि भजन संध्या का भव्य आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का पान किया।

## जगह-जगह किया गया रामायण व हनुमान चालीसा का पाठ

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर नगर हुआ भक्तिमय, हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर विकासखंड कुसमी के सभी ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में भक्ति भाव के साथ की गई भजन-कीर्तन भजन कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की ।सभी मंदिरों सहित घर में श्रद्धालु द्वारा पूजा अर्चना किया। युवाओं ने जय श्रीराम के नारा के साथ रैली निकाली। घरों में लोगों ने दीप प्रज्वलित कर धूम धाम से श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को मनाया। सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा प्रत्येक मंदिर के पूजा अर्चना में हुए शामिल हुई। विधायक उदेश्वरी पैकरा बरियो, राजपुर , शंकरगढ़ , कुसमी के मंदिरों में जाकर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की । साथ ही कुसमी नगर पंचायत अंतर्गत कीर्तन भजन करने वाले मंडली को प्रोत्साहित करते हुए 5 हजार रुपए की राशि भेंट की गई। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर नगर पंचायत सहित सभी ग्राम पंचायतों में सुचारू रूप से कीर्तन भजन कराने में अनुविभागीय अधिकारी करुण डहरिया सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पांडे ने मार्गदर्शन देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया ।

### रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रजपुरीकला।** लखनपुर अंतर्गत ग्राम रजपुरी कला स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 22 जनवरी राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करते हुए दीप जलाकर दीपावली मनाई गई। छात्रावास की छात्राओं द्वारा लखनपुर में आयोजित



रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेकर द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही अन्य भाग लेने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। छात्रावास प्रांगण में छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर श्रीराम भगवान की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित करते हुए पूरे छात्रावास को दीपों से रोशन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने भजन एवं श्रीराम पर आधारित शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम अधीक्षक अनुराधा सिंह के निर्देशन में शिक्षक रूपा चक्रधारी एवं आशिता एक्का के मार्गदर्शन में किया गया।

### रामभक्तों ने रैली निकाल किया नगर भ्रमण

**लखनपुर।** अयोध्या में हो रहे भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है। राम मंदिर से दोपहर 1.30 बजे बाजारपारा से गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली गई। रैली हॉस्पिटल रोड, बस स्टैण्ड से नगर भ्रमण कर वापस शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शाम को लोगों ने अपने घरों में दीप जलाकर दिवाली मनाई। इस दौरान विधायक राजेश अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, दिनेश साहू, यतेंद्र पाण्डेय, सुरेंद्र साहू, राम नारायण दुबे, रवि अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विक्की बंसल, सचिन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, विकास गुप्ता, राकेश साहू मौजूद थे।



### मंदिरों में की गई धूमधाम से पूजा-अर्चना

**पोड़ीमोड़।** क्षेत्र के सरहरी, दरहोरा, दवनकरा, केवरा, बरपारा, सिंगरी, हरिहरपुर, परमेश्वरपुर, मटिगढा, सेमराखुर्द में प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोगों ने पूजा-अर्चना कर राम उत्सव धूमधाम से मनाया। ग्राम पंचायत के लोगों ने मंदिर में पूजा अर्चना व किर्तन भजन-कीर्तन किया जिसमें क्षेत्र भक्तिभाव का माहौल बना रहा। भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शाम को अपने घरों के सामने दीप प्रज्जवलित कर पटाखा फोड़े।

### गढ़वतिया धाम में की गई रामलला की आरती

**बिहारपुर।** गढवतिया धाम स्थित शिव मंदिर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करने के साथ ही मानस गान व आरती की गई। मानस मंडली ने आरती कीजे श्री रामलीला की सुंदर प्रस्तुति दी। इस दौरान गायक रामदास जायसवाल, गायिका श्यामकाली खेरवार, रामकुमार जायसवाल, सन्तोष कुमार जायसवाल, रामप्रताप जायसवाल, रामकुमार देवांगन, बैकुंठ प्रसाद जायसवाल, मदन जायसवाल, पवन कुमार जायसवाल, लक्ष्मण जायसवाल, राजेन्द्र प्रसाद ज्योति प्रसाद, ठाकुर दयाल यादव, रामबरन खेरवार आदि उपस्थित थे।



### निकाली गई राम-सीता की झांकी, जगह-जगह स्वागत

**रामचन्द्रपुर।** दुर्गा पूजा समिति द्वारा रामलीला ग्राउंड में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण माता सीता व हनुमान की आकर्षक झांकी निकाली गई। शोभायात्रा रामलीला ग्राउंड से प्रारम्भ होकर बस स्टैण्ड होते हुए बस्ती का भ्रमण कर आसपास के गांवों में पहुंची जहाँ ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर झांकी का स्वागत किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष रामलाल प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता, सचिव रमेश कश्यप सहित सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### बजरंगी सेना ने शहर में निकाली शोभा यात्रा

**अंबिकापुर।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन बजरंगी सेना ने भी आयोजन में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर बजरंगी सेना द्वारा शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा दुर्गा मंदिर गांधी चौक से प्रारम्भ होकर राम मंदिर पहुंची। इस दौरान बजरंगी सेना के लोग राम धुन में झूमते व गुलाल खेलते नजर आए। इसके साथ ही श्री राम मंदिर में भगवान राम की आरती व उपासना के बाद शोभा यात्रा का समापन किया गया। इस शोभायात्रा में ईशु केसरवानी, सक्षम कश्यप, आनंद साहू, आशु गुप्ता, आयुष पांडेय, तरुण राज सहित हजारों की संख्या में बजरंगी सेना के लोग मौजूद थे।



### नया सवेरा सेवा समिति ने प्रज्वलित किए 5051 दीप

सोमवार को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नया सवेरा सेवा समिति अजिरमा द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नया सवेरा सेवा समिति ने प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अजिरमा रेलवे स्टेशन में जय श्री राम आकर में 5051 दीप प्रज्वलित किए गए। इसके साथ ही समिति द्वारा भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



### दुर्गा बाड़ी में किया गया भजन-कीर्तन

श्री दुर्गा बाड़ी समिति द्वारा रामोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित करने के साथ ही 11 हजार घृत दीपक प्रज्जवलित किए गए तथा एलईडी पर अयोध्या में चल रहे श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। सुन्दर रंगोली एवं फूलों से मंदिर परिसर को सजाया गया तथा भजन-कीर्तन कर उत्सव मनाया गया।





# निकाली गई शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अघिना

अयोध्या धाम में राम लाला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम सलका सहित आसपास के गांव खोपा, अघिना, कसकेला, कोटया, बैजनाथपुर सहित अन्य मंदिरों में विशेष हवन पूजन किया गया। मंदिरों में जगह-जगह सुंदरकांड, अखंड रामायण, शोभा यात्रा, भंडारा सहित दीपोत्सव और आतिशबाजी का आयोजन किया गया। सभी मंदिरों में विगत एक सप्ताह से आयोजन के लिए तैयारी चल रही थी। साथ ही घर-घर जाकर आमंत्रण सहित अक्षत बांटा गया था। घर-घर भगवा ध्वज सहित अपने-अपने दरवाजे पर दीप प्रज्वलन कर खुशी मनाया गया। सलका के बस स्टैंड दुर्गा मंदिर में विशेष आयोजन किया गया था। कोटया के मानस मंडली टीम द्वारा सुंदरकांड का पाठ सुबह से शुरू हुआ और शाम तक भजन किया गया साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ और विशेष आरती का आयोजन शाम को किया गया। सुंदरकांड के पाठ के बाद लाइव प्रसारण अयोध्या रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का एवं उसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। शाम 5 से 6 बजे तक शोभा यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर में शाम को दीपोत्सव और आतिशबाजी की गई। इस दौरान महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा आरती और दीपोत्सव एवं आतिशबाजी में शिरकत की।

## प्राचीन मंदिरों का शैक्षणिक भ्रमण



**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा देवगढ़ स्थित गौरीशंकर मंदिर, छेरका देउर देवी मंदिर एवं ग्राम कलछा व भदवाही के बीच स्थित सतमहला मंदिर का किया गया शैक्षणिक भ्रमण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने सर्वप्रथम रेणुका नदी के किनारे प्राचीन काल में ऋषि यमदग्नि की तपोस्थल रहे देवगढ़ स्थित गौरीशंकर मंदिर में पूजा-अर्चना कर अर्द्ध नारीश्वर शिवलिंग, एकादश रुद्र भग्नावशेष, गोल्फी मठ की संरचना, आयताकार भूगतशैली में निर्मित शिव मंदिर के साथ पुरातात्विक कलात्मक मूर्तियों का अवलोकन किया गया। छात्र-छात्राओं ने ग्राम कलछा-भदवाही के बीच स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल ईटों से निर्मित सात भग्न प्राचीन मंदिरों का समूह सतमहला मंदिर का भ्रमण कर 8 वीं व 9 वीं सदी में निर्मित पंचायतन शिव मंदिर, षटभुजाकार कुंआ, सूर्य प्रतिमा नंदा मंड़प, गंगा, यमुना व जलाधारी शिवलिंग की भग्नावशेष मूर्तियों के साथ सतमहला मंदिर के सामने व आस-पास बने अनेक तालाबों का अवलोकन कर प्राचीनकाल में जल संरक्षण के तरीकों, महत्व एवं उसकी उपयोगिता को छात्र-छात्राओं द्वारा समझा गया।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202401020700219/**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2023-2024

फुन्दुरडिहारी प.ह.नं. 00016 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार– बेरथा तिर्की, अनावेदक पक्षकार–करमेला तिर्की,

**ईश्तहार**

आवेदक बेरथा तिर्की पति स्व. जेबियर तिर्की, निवासी फुन्दुरडिहारी, गोधनपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 349/9 रकबा 0.364 हे. भूमि को वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12.02.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/01/2024 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्र.9 /ब-121/2022-23 दिनांकः- 08/01/2023

**ईश्तहार**

आवेदक/आवेदिका का नाम राम लोभन पिता/पति शेजमन जाति-अहीर निवासी खरसूरा ग्राम रवरसुरा प.ह.नं0..... तहसील व सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. ने अपने :- विष्णु पिता/पति शेषमन जन्म/मृत्यु दिनांक 2.1.1997 का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29/01/2024 दिन सोमवार को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/01/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक/ 89/ वि.विवाह अधि./ वाचक / 2024 बलरामपुर दिनांक 16.01.2024

फार्म-अ

**सार्वजनिक सूचना**

(नियम 6 देखिए)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि वर पक्ष संजय राम आ.जागा राम उम्र 24 वर्ष जाति चमार निवासी ग्राम नेहरूनगर पोस्ट चन्द्रनगर तहसील रामानुजगंज जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) के वधु पक्ष सरोज आत्मज स्व.मनी राम उम्र 25 वर्ष जाति उरांव निवासी ग्राम दलधोवा पोस्ट बलरामपुर तहसील बलरामपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह के अनुष्ठापित किये जाने हेतु आशायित विवाह की सूचना उक्त अधिनियम के द्वतीय अनुसूचि में प्रस्तुत किया है। जो संलग्न है। इस अनुष्ठापित होने वाले विशेष विवाह के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर अर्थात दिनांक 16.02.2024 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी।

(सुनवाई दिनांक 16.02.2024)

(एस.एस. पैकरा)
अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

### ग्राम पंचायत लोधा में निकाली गई प्रभु रामचंद्र की भव्य शोभा यात्रा



**रामानुजगंज।** ग्राम पंचायत लोधा में प्रभु रामचंद्र का व्यय शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे उपस्थित अनुसूचित जनजाति कार्य समिति सदस्य मे हि ला ल आयाम,पूर्व सरपंच भगवान सिंह, पूर्व उप सरपंच नरेश सिंह, सरजू सिंह,जयकुमार यादव, मदन यादव, उदय यादव, महेंद्र विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, प्रतीक विश्वकर्मा, जितेन्द्र यादव, दिलिप सिंह, सुनील विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, राजकिसून सिंह, अरविंद सिंह, रमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस बीच शोभा यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया।

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय, वर्ग-1, अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)**

उत्त.प्र.क्रं. 24/23
प्रो.नं.- 51/24

**ईश्तहार**

1. श्रीमती वैदेही प्रधान पति-स्व.विष्णु प्रधान, उम्र-70 वर्ष,
2. अमृतलाल प्रधान आत्मज-स्व.विष्णु प्रधान, उम्र-40 वर्ष,
3. राजेश प्रधान आत्मज-स्व.विष्णु प्रधान, उम्र-42 वर्ष, क्रं. 01 से 03 निवासी, गंगापुर खुर्द, नगर-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. पिन-497001
4. श्रीमती अनिता प्रधान आत्मजा-स्व.विष्णु प्रधार, पति-सुरेश प्रधान उम्र-40 वर्ष, निवासी, ग्राम-कनाहीपाली, विकासखण्ड-अमाभना, जिला-बरगढ़ (उड़ीसा)

-------/आवेदकगण

-ःप्रतिः-

1. उप डाकपाल, उप डाकघर सरिया, विकास खण्ड-बरमकेला, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
2. आम जनता। -------

/अनावेदकगण

**आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925**

सर्व साधारण आम जनता निवासी ग्राम-गंगापुर खुर्द थाना-गांधीनगर तहसील-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है, कि आवेदकगण द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर अपने पति/पिता स्व.विष्णु प्रधान की मृत्यु दिनांक 23.02.2023 को रामपुर पारा साकरा बरमकेला रायगढ़ छ.ग. में होना बताते हुए, स्व.विष्णु प्रधान के नाम पर भारतीय डाकघर शाखा सरिया के एस.बी खाता नंबर 5400683923 में 9,24,350/- (नौ लाख चौबिस हजार तीन सौ पचार) रूपये की राशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है, कि सुनवाई तिथि 9/2/2024 को नियत है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि स्व.विष्णु प्रधान के नाम पर भारतीय डाकघर शाखा सरिया के एस.बी खाता नंबर 5400683923 में 9,24,350/- (नौ लाख चौबिस हजार तीन सौ पचार) रूपये को प्राप्त किये जाने संबंधी उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को हो तो वह पेशी तिथि 9/2/2024 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। पेशी तिथि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी, और आवेदक को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारणवश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 18/1/24 को जारी किया गया।

(नरेन्द्र कुमार)
न्या0 प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसिन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग | चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में | दिनांक - 27 जनवरी 2024 शनिवार
डॉ. रवि जायसवाल MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA Consultant-Medical Oncology and Hematooncology
दिनांक - 28 जनवरी 2024, रविवार
डॉ. आकाश अग्रवाल | डॉ. भाविक शाह | डॉ. गौरव त्रिपाठी | डॉ. राहुल अहलूवालिया
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक-28 जनवरी 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर चौथा रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर "पारस हाइट्स", गेहूंवाडी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करें।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक
डॉ. अमरीन फिरदौसी BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कॉलोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर, 9179454786, 9753214959

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ। रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी। किसी भी चरपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी। फिर से होने की संभावना सबसे कम। कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा N.I.O.S./ CBSE समकक्ष पाठ्यक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में (माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अंबिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. रोशन लाल वर्मा MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी. बी., छाती एवं एलर्जी
26 जनवरी 2024, शुक्रवार
डॉ. अनिल कुमार यादव
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक -28 जनवरी 2024, रविवार
समय - सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 23 जनवरी 2024 दिन - बुधवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
आयुष्मान कार्ड से ईलाज। दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन। किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन। पेशाब रास्ते का सिकुड़न। किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

## खबर संक्षेप

### पूर्व माध्यमिक शाला कन्या जयनगर में हुई शाला प्रबंधन समिति की बैठक



**बिश्रामपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या जयनगर में शाला प्रबंधन समिति एवं पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रतिमा गुप्ता ने किया। बैठक में बच्चों द्वारा विद्यालय में पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला का नियमित एवं सक्रिय उपयोग, गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की तैयारी, छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी एवं सभी छात्राओं का रक्त समूह परीक्षण एवं सिकल सेल की जांच करवाने जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।समिति के सदस्यों द्वारा सभी विषयों पर सुझाव व सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष प्रतिमा गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, प्रधान पाठक हर्ष नारायण शर्मा, शिक्षिका सीमा सोनी, रीता देवी, गरिमा श्रीवास, शिक्षक लोकेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में किया गया मातृ सम्मेलन



**बलरामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिशु नगरी मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आरएसएस के जिला प्रचारक आत्म शरण उपाध्याय, पूर्व नपा अध्यक्ष व विद्यालय समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती रबिका एक्का, अभिभावक श्रीमती तानिया केयवर्त्य, प्राचार्य संभूनाथ मिश्रा, प्रधानाचार्य विनय कुमार पाठक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों की माताओं से विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान माताओं ने अपनी ओर से कुछ अहम सुझाव भी दिए। मुख्य अतिथि आत्म शरण उपाध्याय ने सरस्वती शिशु मंदिर की विकास यात्रा पर उद्बोधन दिया गया। इसके साथ ही माताओं के बीच कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान श्रीमती सुमन गुप्ता, द्वितीय सरिता पाल एवं तृतीय श्रीमती रिंकी सोनी ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य विनय कुमार पाठक ने आभार प्रदर्शन किया।

### गजाधरपुर में अज्ञात युवक का फांसी पर लटका मिला शव

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम पंचायत गजाधरपुर में सोमवार शाम एक अज्ञात 19 वर्षीय युवक का शव फांसी पर लटका मिला है। मृतक की शिनाख्त मंगलवार को दूसरे दिन भी नहीं हो सकी है। लटोरी पुलिस ने बताया कि कसकेला वन सर्किल के गजाधरपुर नर्सरी कच्ची रोड से करीब 3 सौ मीटर अंदर सेंट फैक्ट्री के समीप खैर के पेड़ में अज्ञात युवक को फांसी के फंदे में लटका देखकर फायर वाचर ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शिनाख्त के लिए आसपास के ग्रामीणों से काफी प्रयास किया लेकिन दूसरे दिन भी सफलता नहीं मिली जिसके बाद शव का पंचनामा व पीएम कराकर शव को फोटोग्राफी के बाद संस्कार करा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक के जेब से मोबाइल मिला है जिसका सिम बंद है आर मोबाईल लॉक है जिसे जांच के लिए साइबर सेल भेजा जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शव में सड़न आ चुकी थी जिससे अंदाज लगाया जा रहा है की घटना एक सप्ताह पहले की होगी।

### नव पदस्थ चौकी प्रभारी एएसआई अरुण ने संभाला पदभार

**बिश्रामपुर।** नव पदस्थ चौकी प्रभारी ने अपना पदभार संभाल लिया है। पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलीसेला ने पिछले दिनों करंजी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप सिदार का कोतवाली सूरजपुर तबादला करते हुए डी एस बी शाखा के विराट बी शी को करंजी चौकी प्रभारी बनाया गया था लेकिन जल्द ही तबादला आदेश में संशोधन करते हुए सूरजपुर एस पी ने विराट बी शी को पुनः डी एस बी शाखा का प्रभारी नियुक्त कर दिया, इसके बाद सूरजपुर कोतवाली में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता को करंजी चौकी प्रभारी बनाया गया जिस पर नव पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता ने तीन दिन बाद करंजी चौकी पहुंच कर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।



## पेज 1 के शेष...

### शासकीय योजना पीएमईजीपी...

पोस्टर लगाकर फर्जी कार्यशाला में उद्योग विभाग की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के अंतर्गत ऋण के संबंध में भ्रामक और त्रुटिपूर्ण जानकारी देकर आम जन को झांसा दिया जा रहा था। टीम ने मौके से कार्यक्रम के संचालक तथाकथित यूथ को-ऑपरेटिव बैंक के ब्रांच मैनेजर पटना बिहार निवासी विवेक कुमार, झारखण्ड निवासी धनराज गिर व बलरामपुर जिले के राजपुर निवासी इंद्रदेव को पकड़ा है। आरोपियों द्वारा अपने कार्यालय का संचालन बंगाली चौक स्थित सिंह कॉम्पलेक्स में किया जा रहा रहा था और यही से ठगी के वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक तीनों ने मिलकर ग्रामीणों व युवाओं को योजना के तहत लोन दिलाने के नाम पर सुरक्षा निधि अपने बैंक में जमा कराया है। वहीं मौके पर कुछ युवा भी जांच टीम को मिले। कार्यक्रम के दौरान नीलम साहू, संतोष विश्वकर्मा, पवित्रा प्रधान, अशोक कुमार कुशवाहा, जगजीत सिंह ने टीम को बताया कि उन्होंने भी झांसे में आकर रुपए जमा किए है। युवाओं ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम हेतु सुरक्षा निधि उक्त संगठन के बैंक में जमा करने की रसीद भी प्रस्तुत की है। फिलहाल टीम द्वारा मौके से दो बैनर, यूथ कॉपरेटिव बैंक का डमी चेक, यूसीबीएल बैंक पासबुक, पैंपलेट, कंपनी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, पैन कार्ड, एनएसडीएल पंजीयन, फर्म अकाउंट डिटेल्स जब्त करने के साथ ही तीनों युवकों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। एसडीएम फागेश सिन्हा ने बताया कि दस्तावेजों को जब्त करने के साथ ही युवकों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।फिलहाल मामले की जांच चल रही है और कलेक्टर के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## रात के तापमान में 0.8 डिग्री की वृद्धि

# चक्रवात के प्रभाव से फिर बदला मौसम, पूरे दिन छाए रहे घने बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे समय से चल रहे मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पछुआ विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद दो दिन पूर्व आसमान साफ हुआ था कि मंगलवार को फिर से मौसमी व्यवधान पैदा होने के कारण आसमान पर पूरे दिन घने बादल छाए रहे। मौसम में आए व्यवधान के कारण मौसम विज्ञानी रात के तापमान में आंशिक गिरावट होने के साथ ही भविष्य में शीत दिवस की स्थिति निर्मित होने एवं 25 जनवरी को बादलों से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं दिसम्बर के महीने से ही मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। मौसमी घटकों के प्रभाव से कभी आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही पारा बढ़ जा रहा है कभी कड़ाके की ठंड शुरू हो जा रही है।

**खास बात**
- मौसम में तेज बदलाव आने की संभावना

वातावरण के अचानक सर्द एवं अचनाक गर्म होने का प्रभाव बच्चों व बड़ों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है तथा लोग तेजी से सर्दी-खांसी व बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। दो दिन पूर्व तक पछुआ विक्षोभ की सक्रियता के कारण आसमान पर घने बादल छाए रहने से रात का तापमान बढ़कर 9.2 डिग्री पहुंच गया था तथा शनिवार को बादल छटते ही रविवार से तापमान में गिरावट होने का क्रम शुरू हो गया था। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री, रविवार को 7.2 डिग्री एवं सोमवार को 5.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। सोमवार को पठारी क्षेत्र मैनपाट एवं सामरी पाट का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंचने के कारण पूरे दिन शीत दिवस की स्थिति निर्मित होने के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। उत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह प्रारम्भ होने के कारण सोमवार को शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.0 डिग्री नीचे 5.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने के कारण पूरे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ी। इधर दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर चक्रवात के सक्रिय होने के कारण मध्य रात्रि में फिर से आसमान पर घने बादल सक्रिय हो गए जिसके कारण मंगलवार को तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। चक्रवात के प्रभाव से मंगलवार को पूरे दिन आसमान पर घने बादल छाए रहे जिसके कारण सूरज के दर्शन नहीं हुए। मौसम अधिकारी 24 जनवरी तक आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने के साथ ही तापमान में आंशिक उतार-चढ़ाव होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



### बन सकती है कोल्ड-डे की स्थिति

वर्तमान में जिस तरह से मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम चल रहा है भविष्य में कोल्ड डे की स्थिति निर्मित हो सकती है। न्यूनतम तापमान में सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के बाद वातावरण में कनकनी बढ़ जाती है तथा शीत दिवस की स्थिति निर्मित हो जाती है। सोमवार को रात के तापमान में अधिक गिरावट होने के कारण मौसम विज्ञानी शीत दिवस की स्थिति निर्मित होने की संभावना व्यक्त कर रहे थे। हालाकि अभी भी इस स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता है। पूरे दिन आसमान पर घने बादल छाए रहने के कारण दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मैनपाट में सोमवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री एवं अधिकतम 22.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था जो मंगलवार को क्रमशः 6.2 डिग्री एवं 19 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो मंगलवार को गिरकर 20.8 डिग्री पर पहुंच गया है।

### हो सकती है बूंदाबादी

मौसम में आए व्यवधान के कारण मौसम विज्ञानी कहीं-कहीं बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि चक्रवात के प्रभाव से कहीं-कहीं बूंदाबादी होने की संभावना है। मौसम अधिकारी चक्रवात के 24 जनवरी तक प्रभावी रहने के कारण मामूली उतार-चढ़ाव के साथ मौसम के यथावत रहने एवं बादलों के साफ होते ही फिर से तापमान में गिरावट होने के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इधर एक नया पछुआ विक्षोभ भी तेजी से आगे बढ़ रहा है जिसके 3-4 दिन बाद सरगुजा पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में मौसम साफ होने के बाद एक बार फिर आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ेगी तथा रात के तापमान में वृद्धि होगी।

## कोल सेक्टर में 16 फरवरी को की जाएगी राष्ट्र व्यापी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रस्तावित देशव्यापी कामबंद हड़ताल कोल सेक्टर 16 फरवरी को होगी। हड़ताल के लिए कोयला उद्योग के मुद्दे तय करने गत दिनों एचएमएस, इंटक, सीटू और एटक के कोल फेडरेशन के नेताओं की वर्चुअल बैठक हुई। वर्चुअल बैठक में चारों ट्रेड यूनियन से 10-10 नेता सम्मिलित हुए। बैठक में अप्रत्यक्ष तरीके एमडीओ, रेवन्यू शेयरिंग के जरिए कोयला खदानों का निजीकरण करना, 9.4.0, कॉन्ट्रेक्ट एम्प्लायमेंट सहित कोल सेक्टर के अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। हड़ताल की मांगों में कोयला उद्योग से संबंधित मुद्दों को सम्मिलित किए जाने और इसका चयन करने एक चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में इंटक से एसक्यू जमा, सीटू से डीडी रामनंदन, एचएमएस से शिवकुमार यादव, एटक से सीजे जोसेफ शामिल किए गए हैं। यह कमेटी हड़ताल के लिए चार्टर ऑफ डिमांड तैयार करेगी। 30 जनवरी को कोल इंडिया प्रबंधन को संयुक्त तौर पर हड़ताल पर जाने का नोटिस दिया जाएगा। श्रमिक संगठनों द्वारा सीआईएल और अनुषांगिक कंपनियों में संयुक्त कन्वेंशन, गेट मीटिंग की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से एचएमएस से हरभजन सिंह सिद्धु, नाथूलाल पांडेय, शिवकुमार यादव, सीटू से डीडी रामनंदन, जीके श्रीवास्तव, वंशगोपाल चौधरी, इंटक से अनूप सिंह, एसक्यू जमा, सौभाग्य प्रधान, एटक से रमेन्द्र सिंह, हरिद्वार सिंह, सीजे जोसेफ सहित 40 लोग सम्मिलित हुए।गौरतलब है कि संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय श्रम संगठनों एवं महासंघों के मंच ने 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद बुलाने का आह्वान किया है। संयुक्त मंच फसलों के उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य, श्रमिकों को 26 हजार रुपए की न्यूनतम मासिक मजदूरी, चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, आईपीसी एवं सीआरपीसी में किए गए संशोधनों को निरस्त करने और रोजगार गारंटी को मौलिक अधिकार बनाने की मांग कर रहा है। श्रमिक संगठन रेलवे, रक्षा, बिजली, कोयला, तेल, इस्पात, दूरसंचार, डाक, बैंक, बीमा, परिवहन, हवाई अड्डों, बंदरगाह के सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण नहीं करने की भी मांग कर रहे हैं। अन्य मांगों में शिक्षा और स्वास्थ्य का निजीकरण रोकना, नौकरियों में संविदा नियुक्ति पर लगाम, निश्चित अवधि के रोजगार को खत्म करना, प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 200 दिन कार्य और 600 रुपए की दैनिक मजदूरी के साथ मनरेगा को मजबूत करना, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना और संगठित एवं असंगठित दोनो क्षेत्रों में कार्यरत सभी लोगों को पेशन एवं सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराना शामिल है।

## 9 कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के प्रतापपुर चौक के समीप चल रहे 9 दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में भक्तिपूर्ण माहौल बना है है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महायज्ञ में शामिल हो रहे है। मंगवलार को यज्ञ के आठवें दिन की पूजा विधि विधान से संपन्न कराई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं में उपवास रखकर यज्ञ में आहुति दी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नौ कुंडीय यज्ञ होने के कारण एक साथ 72 श्रद्धालु यज्ञ में आहुति दे सकती है। रविवार व सोमवार को अवकाश होने के साथ ही रामलला प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर 100 से अधिक श्रद्धालुओं ने आहुति दी। आयोजन समिति ने सभी को व्यवस्थित रूप से 9 कुंडों में आहुति देने के लिए बैठाया। यज्ञ के दौरान प्रति दिन दोपहर 2 से 5 शाम बजे तक लगातार दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के साथ हवन निरंतर जारी है। इसके साथ ही श्री रामकथा का रसपान श्रोताओं को आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री द्वारा कराया जा रहा है। संध्या कालीन आरती पश्चात दिवस का विश्राम होता है। 24 जनवरी को इस नौ दिवसीय यज्ञ का नवम दिवस है तथा 25 जनवरी को को वृहद अन्नप्रसाद एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा। सभी के कल्याण की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के श्रद्धालु एवं भक्तगण से अंतिम दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान समिति के दीपक कृष्ण शास्त्री एवं स्वामी तन्मयनंद ने की है।



महायज्ञ में शामिल श्रद्धालु।

## साहित्यकार वेद प्रकाश अग्रवाल मायाराम सुरजन स्मृतिक लोकचेतना अलंकरण से सम्मानित

**अंबिकापुर।** शहर के वरिष्ठ साहित्यकार वेद प्रकाश अग्रवाल को मायाराम सुरजन स्मृति लोकचेतना अलंकरण 2023 से सम्मानित किया गया। रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के दौरान श्री अग्रवाल को यह सम्मान प्रदान किया गया। श्री अग्रवाल को साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र में निरंतर सक्रियता के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। श्री अग्रवाल 1975 से मध्य प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ में सक्रिय रहते हुए 2014 से 2019 तक छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी वहन की है। उन्होंने प्रयास नामक पत्रिका का संपादन भी किया है। उनकी तीन कविता संग्रह "दो हाथों में उलझा आकाश",अस्मिता व " ओ सरगुजा" प्रकाशित हुए हैं। रेल सुविधाओं के लिए सरगुजांचल हेतु हुए जन संघर्षों पर 2006 में उनकी पुस्तक "सरगुजांचल में रेल संघर्ष-अतीत और आज" का प्रकाशन हुआ है। श्री अग्रवाल की साहित्य के अतिरिक्त सामाजिक और सांगठनिक क्षेत्रों में भी सक्रियता निरन्तर बनी रही है। उनका सरगुजांचल के भूमि और रेलवे आन्दोलनों से भी दीर्घकालीन जुड़ाव रहा है।





## सीबीएसई के प्रशिक्षण में शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं की दी गई जानकारी

**सूरजपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षकों की दक्षता एवं कौशल विकास के लिए विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कराया जाता है। इसी तारतम्य में साधु राम विद्या मंदिर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर प्रशिक्षण कराया गया। जिसके रिसोर्स पर्सन जीसी दास एवं एन जगजीत सिंह भाटी रहे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने के साथ नई पद्धति एवं आधुनिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए अपने अध्यापन कार्य को प्रभावशाली बनाना है। प्रशिक्षण भारतीय संस्कृति में निहित नैतिकता और मानवीय मूल्यों के समावेश के साथ शिक्षकों और छात्रों के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करेगा। नई शिक्षा नीति में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक्टिविटी पर आधारित लर्निंग, एक्सपेरिमेंटल और इनोवेटिव लर्निंग की व्यवस्था है। सीबीएसई द्वारा प्रशिक्षण देकर सभी शिक्षकों को अवसर प्रदान किया किया गया। नई शिक्षा नीति के अनुसार स्वयं को तैयार कर शिक्षकीय रूपरेखा तैयार करें। प्रशिक्षण में विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय,उप प्राचार्य डीडी तिवारी उपस्थित रहे। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले से साधुराम विद्या मंदिर, अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस स्कूल, अंबिकापुर जिले से बियानी इंग्लिश मीडियम स्कूल, संत हर केवल विद्यापीठ एवं कोरिया जिले से सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया।

## कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक, दिए दिशा निर्देश



**सूरजपर।** बिहारपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 27 जनवरी को निर्धारित है। जिसके सफल संपादन को लेकर कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा आज समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर का अधिकतम लाभ क्षेत्र वासियों को मिले इसके लिए उन्होंने पूर्व से ही सारी तैयारियां सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही शिविर में राजस्व के लंबित मामलों, राशन कार्ड नवीनीकरण, बैंकिंग स्कीम, आधार अपडेट, उज्वला योजना व अन्य के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। शिविर में आस पास के क्षेत्र के लगभग 25 से 30 ग्राम के लोगों के जुडने की सम्भावना है। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में स्वास्थ्य से संबंधित मूलभूत आवश्यक चीजों की उपलब्धता, सेंटर में मशीन की स्थिति, परिसर व शौचालय की साफ सफाई के लिए सीएमएचओ को निर्देश दिए और व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। आयुष्मान कार्ड की प्रगति को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर, न्यायालय प्रकरण, जन चौपाल व अन्य लंबित प्रकरणों पर जानकारी प्राप्त की गई। लंबित प्रकरणों में राजस्व, जिला पंचायत, वरिष्ट लिपिक शाखा, न्यायिक शाखा, वन विभाग, शिकायत शाखा, लोक सेवा गारंटी, वित्त स्थापना, भू-अर्जन शाखा, पुरातत्व शाखा, खाद्य विभाग, जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, आदिवासी विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खनिज, श्रम, समाज कल्याण, लोक निर्माण, डूडा, ई-गवर्नेंस सोसायटी, लीड बैंक, महिला एवं बाल विकास, खेल विभाग, आबकारी, सांख्यिकी, जनपद पंचायत, नगर पालिका, डीआरसीएस, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, स्वास्थ्य, एसईसीएल, कृषि और पुलिस विभाग इत्यादि के प्रकरणों पर चर्चा की गई। इस दौरान एसडीएम लक्ष्मण तिवारी,जिपं सीईओ सुश्री लीना कोसम, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, एडीम नरेन्द्र पैकरा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

- स्वास्थ्य केन्द्रों की सफ़ाई व्यवस्था, गणतंत्र दिवस व लंबित प्रकरणों पर हुई चर्चा

## कंवर समाज के स्नेह मिलन में सेवानिवृत्त नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

**सूरजपुर।** ग्राम पहाड़ अमोरनी सारासोर दर्शनीय स्थल पर आदिवासी कंवर समाज कल्याण समिति के अधिकारी व कर्मचारियों का स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं सेवानिवृत्त व नव नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सेवानिवृत 13 व 22 नव नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कंवर समाज के जिला उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य महेश्वर पैकरा द्वारा ग्राम पहाड़ अमोरनी सारासोर में कंवर चबूतरा बनाने के लिए दो लाख रुपए की घोषणा किया गया। कार्यक्रम में रवि सिंह संयुक्त कलेक्टर, नंदनी ठाकुर डीएसपी, रामप्रसाद पैकरा, कुंज बिहारी, डॉ. राजेश पैकरा, अंजू पैकरा, डीएस पैकरा, मोतीलाल पैकरा, रामवृक्ष पैकरा,डॉ. तेरस कंवर, डॉ. सुरेन्द्र पैकरा, डॉ. राजेंद्र पैकरा, डॉ. सुरेंद्र पैकरा, कमलनाथ पैकरा, विनोद कुमार दास, डॉ. हरेंद्र नाथ पैकरा, अमरनाथ पैकरा, रामवृक्ष, जीतन राम पैकरा, महेश पैकरा, रविंद्र पैकरा, सत्यप्रकाश पैकरा, अमृता पैकरा, शिवकुमार पैकरा, फूलचंद पैकरा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अंबिकापुर मो. 9826154736

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
प्रति परामर्श हेतु नम्बर
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 0718003300, 6262639090



online Booking:-www.triperyatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशि-स्लीपर-18500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411